महोदय, झारखंड राज्य नवम्बर, 2000 में बना था और उस समय मैं 1999 का लोक सभा चुनाव जीतकर, लोक सभा मैम्बर बनकर आया था। तत्कालीन तेरहवीं लोक सभा चल रही थी, माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के प्रधानमंत्री थे और उनकी देख-रेख में झारखंड को अलग राज्य का दर्जा प्राप्त हुआ था। मान्यवर, यह सभी लोग जानते हैं कि झारखंड बिहार का हिस्सा था और बिहार से अलग हुए यह ग्यारहवां साल चल रहा है। इन ग्यारह सालों में लगभग दो बार पंचायत के चुनाव हो जाने चाहिए थे, लेकिन एक बार भी नहीं हुए हैं। अभी जैसा कि हमारी साथी ने बताया कि जब झारखंड बिहार राज्य के साथ जुड़ा हुआ था, तब लगभग बत्तीस साल पहले पंचायत के चुनाव हुए थे। हम उन बत्तीस सालों को जोड़ें या इन ग्यारह सालों को जोड़ें? दोनों को मिलाकर अभी तक झारखंड के साथ जो हुआ है, वह नहीं होना चाहिए था। सौभाग्य की बात है कि बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहिन कुमारी मायावती जी की देन है कि हमें 2005 से झारखंड को देखने का मौका मिला। मैं बहुजन समाज पार्टी की ओर से 2005 से झारखंड प्रदेश का प्रभारी हूं। हम वहां 2005 से लेकर 2011 तक के तीन चुनाव करवा चुके हैं। इन तीनों चुनावों में हमने जो झारखंड में देखा है, वह हमने गांव-गांव जाकर देखा है। वैसे तो पार्टियों में और भी पार्टियों के प्रभारी हैं, वे भी जाते हैं, हमें भी मौका मिला, तो हमने भी झारखंड को बड़ी बारीकी से देखा। झारखंड का दुर्भाग्य है कि तिरसठ साल की आजादी के बाद भी स्थिति अच्छी नहीं है। 2000 में, जब झारखंड को अलग कराने की मुहिम झारखंडवासियों ने छेड़ी थी, तो उनके मन में एक सपना था, एक सोच था कि हमारे झारखंड एरिया में इतने सारे मिनरल्स हैं। उनकी एक अलग राज्य बनाकर, उन तमाम राज्यों से हर क्षेत्र में ऊपर जाने की इच्छा थी, लेकिन दुर्भाग्य है कि इन दस वर्षों में विधान सभा के चुनाव दो बार हुए और दोनों बार, जो विधान सभा के चुनाव हुए, उनमें एक बार भी पूरे पांच साल के लिए कोई भी सरकार नहीं चली। मान्यवर, पिछली बार जब 2005 में विधान सभा का गठन हुआ, तो उस विधान सभा के गठन को पूरे पांच साल चलना चाहिए था, लेकिन उन पांच सालों में तीन बार मुख्यमंत्री बदले। ग्यारहवें साल में आज मुख्यमंत्रियों की जो गिनती है, वह सात है। ग्यारह सालों में वहां के सात मुख्यमंत्री बने, जबकि दो होने चाहिए थे। इन सात माननीय मुख्यमंत्रियों ने झारखंड का जो बेड़ा गर्क किया है, वह हिन्दुस्तान के अलावा पूरे विश्व ने देखा है और सुना है। हमारे माननीय बीजेपी के उपनेता अहलुवालिया जी झारखंड से राज्य सभा में आए हैं, के.डी. सिंह जी बैठे हैं, मुंडा जी बैठे हैं और रिबैलो जी बैठी हैं। आप लोग कहां तक गए हैं, नहीं मालूम हैं, लेकिन हम इन तीन चुनावों के दौरान जहां तक गए हैं, झारखंड की जो हालत हमने अपनी आंखों से देखी है, वह बयान करते हुए दिल में आंसू आते हैं। मान्यवर, आपने देखा होगा

कि जिसे टाटा नगर कहते हैं, जो भारत का बहुत बड़ा पूंजीपति है, उसने वह टाटा नगर बसाया है। टाटा नगर के बगल में लगा हुआ घटसिला, बेहराघोड़ा तमाम ऐसे विधान सभा क्षेत्र हैं कि इन विधान सभा क्षेत्रों में जब आप जाएंगे तो लगेगा कि अभी हम हजार साल पीछे हैं। आज भी वहां पर मेहमान का स्वागत बरगद के पेड़ पर जो लाल चींटी हुआ करती है, उनको इकट्ठा करके थोड़े से तेल में भूनकर परोसकर किया जाता है। यह तब परोसा जा रहा है, जब भारत की आजादी के 63 साल हो गए हैं, तब परोसा जा रहा है, जब झारखंड को अलग राज्य बने 11 साल हो गए हैं। इसे दुर्भाग्य नहीं कहेंगे, तो और क्या कहेंगे? मैं और बताऊँ। जिसे बाँस कहते हैं, बाँस की जड़ों को निकाल कर, जो बहुत कोमल हुआ करती हैं, उन्हें भी स्वागत में परोसा करते हैं। यह सब हम कहानी नहीं बता रहे हैं। हमने अपनी आँखों से और स्वयं उसमें शामिल होकर देखा है। एक तरफ तो हम 21वीं सदी की बात कर रहे हैं कि हमारा देश 21वीं सदी को पार करने जा रहा है और दूसरी तरफ हम झारखंड जैसे राज्य में ऐसी हालत देख रहे हैं। और भी राज्य हैं, उड़ीसा में भी हम देख रहे हैं, हम उड़ीसा के भी प्रभारी हैं, हम आंध्र प्रदेश में भी देख रहे हैं, हम आंध्र प्रदेश के भी प्रभारी हैं। ऐसा नहीं है कि अकेले यह उड़ीसा के साथ है, अकेले यह झारखंड के साथ है,...(**व्यवधान**)... हैदराबाद तो हाईटेक सिटी है, लेकिन जब आप हैदराबाद के सुदूर गाँवों में जाएँगे, तो आपको देखने को मिलेगा कि वहाँ कि क्या स्थिति है।

सर, हमारे कहने का मतलब यह है कि माननीय मंत्री जी जो पंचायत राज विधेयक लाए हैं, मैं इसका स्वागत करता हूँ, हमारी पार्टी इसका स्वागत करती है, लेकिन यह काम बहुत पहले, 2001 में हो जाना चाहिए था। अगर यह काम 2001 में हो जाता है, तो आज झारखंड और झारखंड के पड़ोसी राज्यों में जो नक्सलवाद जोरों से पनप रहा है, हो सकता है इससे उस पर विराम लग जाता, क्योंकि जब तक नौजवानों को हाथ में कुछ काम नहीं मिलेगा, तब तक उनके खाली हाथ कुछ-न-कुछ शैतानी करेंगे। वैसे भी कहा गया है कि व्यक्ति खाली बैठा हुआ कुछ-न-कुछ सोचता रहता है। अगर 2001 में यह विधेयक लाकर पंचायत राज लागू करके वहाँ चुनाव प्रक्रिया जारी हो जाती, तो हमें आज विकास के लिए जो चीजें वहाँ देखने को नहीं मिल रही हैं, वह विकास हमें देखने को मिलता। 63 साल की आजादी के बाद पिछले सत्र में आपने राज्य सभा में महिला विधेयक पास कराया। बेशक यह बहुत अच्छा विधेयक था और राज्य सभा में ध्वनि मत से सभी साथियों ने इस विधेयक को पास कराया, ...(**समय की घंटी**)... लेकिन 63 साल की आजादी के बाद अगर आपकी नीति अच्छी होती, तो जो मैंने अभी बताया है, यह देश के अन्दर कहीं देखने को नहीं मिलता। वह तो धन्य हैं बाबा साहेब अम्बेडकर, जिन्होंने संविधान में रिजर्वेशन की व्यवस्था कर दी, जिसके चलते हम लोग लोक सभा और विधान सभा में उस रिजर्वेशन के माध्यम से अपनी बात कहने के लिए आपके बीच में आए हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं नहीं करना चाह रहा था, लेकिन आपकी घंटी यह कह रही है कि हमें यह बात कहनी पड़ेगी। हमें भी आज पहली बार मौका मिला है, तो 4-5 मिनट हमें और दे दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): क्या आप पहली बार बोल रहे हैं, यह आपकी maiden speech है?

श्री बृजलाल खाबरी: जी हाँ, सर। मैं आपको कहना नहीं चाह रहा था, लेकिन अब आपको बताना पड़ा।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): यह आपकी maiden speech है, तो आप बोलिए।

श्री बृजलाल खाबरी: सर, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लूँगा।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): यह आपकी maiden speech है, आप बोलिए, मुझे मालूम नहीं था।

श्री बृजलाल खाबरी: सर, मैं यह बता रहा था कि बाबा साहेब अम्बेडकर के आशीर्वाद से आज हमें लोक सभा और विधान सभा में पहुँचने का मौका मिला है, नहीं तो हम लोग आपके सामने किसी भी रास्ते से आने वाले नहीं थे। सरकार का तो आप देख ही रहे हैं कि जहाँ रिजर्वेशन की बात आती है, तो सरकार के कान खड़े हो जाते हैं कि अब कौन सी आफत आने वाली है। रिजर्वेशन से पता नहीं सरकार को क्या अनिच्छा है? वैसे चुनाव के टाइम पर तो दीवारों पर बड़े-बड़े स्लोगंस लिखे जाएँगे, अखबारों में फुल पेज पर बड़ी-बड़ी स्टेटमेंट, विज्ञापन और सब कुछ आएँगे। उस समय ऐसा लगता है कि सरकार देश के जितने भी एससी, एसटी और दलित वर्ग के लोग हैं, उनका उत्थान करने में जरा भी देर नहीं लगाएगी। जैसे ही वह चुनाव प्रक्रिया से निवृत्त होती है, सरकार बनने के एक-आध महीने बाद भी पता नहीं उनका नजरिया क्यों बदल जाता है। चुनाव के पहले तो हर दल का स्टेटमेंट आता है- "हमारा हाथ गरीबों के साथ" या "हमारा सहयोग गरीबों के साथ", लेकिन जब सरकार बन जाती है, तो सीधे-सीधे उनका हाथ गरीब की गरदन पर होता है।

सर, सदन में आप किसी भी मुद्दे को लेकर देखिए, गरीबी हो, नकसलवाद हो या कोई और समस्या हो, ये सब सरकार की देन हैं। आज गरीबी बढ़ रही है, वह भी सरकार की देन है। अगर सरकार वास्तव में चिन्तित हो, तो ये सब चीज़ें कंट्रोल हो सकती हैं। रिज़र्वेशन पर तो सरकार का ध्यान कभी जाता ही नहीं है। हकीक़त में अगर सरकार एससी, एसटी, ओबीसी और गरीब लोगों की हितैषी है, तो लोक सभा और विधान सभा के चुनाव के समय में कम से कम एक उदाहरण तो उसे ऐसा पेश करना चाहिए कि रिज़र्व्ड सीटों के अलावा किसी एक भी सीट पर रिज़र्व कैटेगरी के आदमी को उतारे। बहुजन समाज पार्टी के अलावा किसी भी दल ने, एक ही सामान्य सीट पर किसी रिज़र्व कैटेगरी के आदमी को लड़ा कर जिताने का काम नहीं किया होगा। अपवाद स्वरूप भले ही कोई एक-आध उदाहरण हो, लेकिन हमारी जानकारी में ऐसा कोई उदाहरण नहीं है। अगर कहीं किसी मौके पर ऐसा हुआ हो, तो हमें भी उसका ज्ञान करवाइए। चुनाव से पहले जो सरकारें गरीबों के लिए बहुत से वायदे करती हैं, चुनाव जीतने के बाद सरकार में बैठ करके फिर वे सरकारें क्यों भूल जाती हैं...(**व्यवधान**)...

सुश्री मैबल रिबैलो: बाबू लाल मरांडी जी...(**व्यवधान**)...

श्री बृजलाल खाबरी: बाबू लाल मरांडी एसटी के...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Maiden speech is not interrupted. ...*(Interruptions)*... Ms. Mabel, Maiden speech is not interrupted. ...*(Interruptions)*... Please don't do that. ...*(Interruptions)*...

श्री बृजलाल खाबरी: आप भी झारखंड से हैं और हम बराबर महीने में बीस दिन झारखंड में देते हैं। आप हमें मौका दीजिए, आपको हम खुद ले चलेंगे और आपके झारखंड की तस्वीर आपकी ही आंखों से आपको दिखाएंगे...(**व्यवधान**)...

सुश्री मैबल रिबैलो : आप झारखंड की तस्वीर...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please, Ms. Mabel, Please don't do that. ...*(Interruptions)*... मेडन स्पीच को इंटरप्ट मत करो, That is the tradition here.

श्री बृजलाल खाबरी: सर, हम आपके आदेश को पूरे तरीके से फॉलो करेंगे।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): आप उनके चेहरे की तरफ मत देखो, मेरे चेहरे की तरफ देखो। Look at my face. Don't look at their faces.

3.00 P.M.

श्री बृजलाल खाबरी: सर, झारखंड में पंचायत चुनाव कराने की जो तैयारी चल रही है, मैं आपके माध्यम से उस संबंध में अपनी तरफ से कुछ सुझाव देना चाहता हूं और आशा करता हूं कि माननीय मंत्री जी उन्हें कंसिडर करेंगे। वैसे तो यह झारखंड का दुर्भाग्य है, क्योंकि अगर आज वहां पर विधान सभा स्टैंड कर रही होती, तो आज यह चर्चा आपके सामने नहीं हो रही होती। यह पूरा सब्जैक्ट राज्य सरकार का है, लेकिन झारखंड का दुर्भाग्य यह है कि एक बार भी कोई सरकार पूरे पांच साल के लिए वहां नहीं चली। पिछले ग्यारह सालों में झारखंड दूसरी बार राष्ट्रपति शासन झेल रहा है। पिछली बार झारखंड ने पूरा एक साल लगातार राष्ट्रपति शासन झेला। सरकार को चले केवल चार महीने ही हुए थे कि दोबारा सरकार चली गई और राष्ट्रपति शासन लागू हो गया।

मान्यवर, पिछली बार भी हमने राष्ट्रपति शासन देखा है, उस समय भी वर्तमान सरकार ही केन्द्र में थी। राष्ट्रपति शासन की आड़ में झारखंड में जो खेल खेले जाते हैं, वे किसी से छिपे नहीं हैं। झारखंड में राष्ट्रपति शासन की आड़ में पूरे तरीके से कांग्रेस काम करती है और आज भी कर रही है। हमें एक शंका है। राष्ट्रपति शासन की आड़ में वहाँ जो पंचायती चुनाव होने जा रहे हैं, तो पिछले तीन बार के चुनावों का जो हमारा अनुभव है, चुनाव में जिस तरीके का काम देखने को मिला है, अगर कहीं पंचायत चुनाव में वही फॉर्मूला राष्ट्रपति शासन के चलते कांग्रेस शुरू कर दे, तो इसको कैसे रोका जाएगा, सर? इसको कैसे रोका जाएगा, यह एक बड़ी चिन्ता का विषय है।

सर, झारखंड की जो स्थिति है, उसे हमने देखा है। वहाँ पर चुनाव के टाइम में एक मुंडी के दस रुपए वहाँ के ठेकेदार लेते हैं। वहाँ पर भीड़ इकट्ठी करने के लिए एक व्यक्ति के 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक वहाँ के ठेकेदार लेते हैं। अगर किसी नेता के सामने एक लाख लोगों की भीड़ इकट्ठी करनी हो तो वहाँ पर प्रति व्यक्ति 10 रुपए से लेकर 50 रुपए तक का ठेका लिया और दिया जाता है। वहाँ पर वोट को कैसे convert कराते हैं, इसको मैंने खुद अपनी आँखों से देखा है, जो कि बहुत गंभीर विषय है। उसी तारतम्य में अगर वहाँ पंचायत के चुनाव कराए गए तो झारखंडवासियां की जो कल्पना है, उस कल्पना की हत्या हो जाएगी, इसलिए इसको रोका जाए। वहाँ पंचायत चुनाव कराए जाएँ, उसमें हम लोग हर तरीके से सहयोगी हैं, लेकिन ये पंचायत चुनाव विधान सभा और लोक सभा के तरीके से न हों, इस पर आपको थोड़ा-सा संज्ञान लेना होगा।

अंत में मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री तक अपनी आवाज़ पहुँचाना चाहता हूँ। PESA के तहत चुनाव कराने की जो मुहिम चल रही थी, जिसके चलते आज 11 वर्ष हो गए, लेकिन वहाँ चुनाव नहीं करा पाए हैं। PESA के बारे में भी हमारी थोड़ी-सी जानकारी है। माननीय कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद ये चुनाव कराए जा रहे हैं। PESA में हमारा एक ही अनुरोध है कि जाति के आधार पर नहीं बल्कि जनसंख्या के आधार पर चुनाव हों। वहाँ रिजर्वेशन होना चाहिए। वहाँ पर जाति के आधार पर नहीं, जाति की संख्या के आधार पर रिजर्वेशन होना चाहिए, यह हमारा एक सुझाव है।

दूसरा, जैसे लोक सभा और विधान सभा की बैठकें होती हैं, हम सदस्यगण मीटिंग में आते हैं और हमें थोड़ा-बहुत यात्रा भत्ता आदि जो भी मिलता है, जो मुखिया पद के उम्मीदवार होंगे, उनमें से जो जीतेंगे, उनकी तो व्यवस्था अवश्य ही होनी चाहिए, लेकिन जो मैम्बर्स मीटिंग में आएँगे, उनके लिए भी कुछ-न-कुछ मानदेय की व्यवस्था माननीय मंत्री जी कराने का प्रबंध करें, ऐसा मेरा सुझाव है।

बस अंत में मैं एक लाइन कह कर अपनी बात समाप्त करने जा रहा हूँ। सर, हमारे पास आपके बीच रखने के लिए आज बातें तो बहुत-सी थीं। अगर आपका सानिध्य मिलता तो मैं अपनी बात तो जरूर आगे बढ़ाता, लेकिन हमें ऐसा लग रहा है कि हमें और ज्यादा समय देने का विचार आपको नहीं है और हम ज्यादा समय लेना भी नहीं चाहते हैं। हम आपके सानिध्य में, आपके दिशा-निर्देशन में और आपके इशारे को समझते हुए अब

अपनी बात को समाप्त करेंगे। हमारी चिन्ता बस इतनी-सी है कि आजादी के 62-63 साल बाद भी झारखंड आज दुर्दशा में जी रहा है। वहाँ आज जिस तरीके का नक्सलवाद है, वह कहीं बाहर से आयातित नहीं किया गया है। यह नक्सलवाद हमारी शुरुआती सरकारों की देन है। नक्सलवाद कहीं अलग से नहीं आया है, बल्कि जो हमारी शुरुआती सरकारें हैं, उन्होंने इसे पैदा किया है। इन्हें देश के ऊपर और प्रदेशों में हुकूमत करने का लम्बा समय मिला है, लेकिन जो जरूरतमंद लोग हैं, उन पर उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया है। आज वे हर क्षेत्र में पिछड़े हैं। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो या रोजगार आदि का क्षेत्र हो, वे सब में पिछड़े हैं और उनको आगे लाने की जिम्मेदारी सरकार की है। जो सरकारें एक लम्बे समय तक इस देश में शासक रही हैं, उन्हें आपके माध्यम से एक संदेश जाना चाहिए कि देश के अंदर जो वास्तव में जरूरतमंद लोग हैं, उनका ख्याल रखा जाए। यह बड़ी चिंताजनक बात है कि आज हर माननीय सांसद इस बात को बड़े दुख के साथ कहते हैं कि आज देश के अंदर इतना गेहूं सड़ रहा है।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन): ओ.के.।

श्री बृजलाल खाबरी: एक मिनट सर। एक भी नहीं, मैं आधे मिनट में अपनी बात समाप्त करूँगा, यह अंतिम पैरा है।

हमारे माननीय सदस्यगण यह बराबर कह रहे हैं कि देश के अंदर हमारा लाखों मीट्रिक टन गेहूँ सड़ रहा है और उस दशा में भी माननीय कृषि मंत्री जी का दिल नहीं पसीज रहा है। वे इसे क्यों नहीं देना चाहते हैं? अगर यह गरीबों को घटे रेट्स पर मिल जाए, आज तो यहाँ आधे रेट की बात हुई थी, आज मार्केट में जो 12 रुपये और 14 रुपये किलो में मिल रहा है, अगर वह 7 रुपये किलो के दाम पर भी मिल जाए तो गरीबों का कुछ हित हो जाएगा। एक तरफ तो आप गरीबों के बहुत बड़े हितैषी हैं और दूसरी तरफ आप गरीबों के ऊपर ध्यान नहीं दे रहे हैं, तो यह दोहरी बात कैसे चलेगी?

मान्यवर, मैं आपकी इस बात को पूरे तरीके से मानता हूँ। मुझे आज आपके बीच अपनी बात कहने का मौका मिला है। मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देना चाहूँगा, जिन्होंने चुनाव कराने की मुहिम छेड़ी है, लेकिन इसके लिए एक तारीख निश्चित हो जानी चाहिए कि ये चुनाव कब तक कराये जाएंगे। ऐसा न हो कि विधेयक पास होने के बाद चुनाव फिर 10 साल के लिए आगे चले जाएँ। इसलिए, चुनाव की तारीख और समयावधि निश्चित हो जाए। भले ही वे इसे 2011 तक करायें, लेकिन अगर यह निश्चित हो जाए तो हम लोग उसकी तैयारी में लगेंगे, नहीं तो पता लगा कि हम यहाँ बहस कर रहे हैं और ये फिर 20 साल के लिए चले जाएँ। 32 साल तो गुजर गये हैं। 32 साल के बाद अब कहीं और 32 साल न गुजर जाएं, यह भी एक चिन्ता का विषय है। सर, आपने मुझे यह मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : आपने अपनी अच्छी मेडन स्पीच दी। इसके लिए हम आपका अभिनन्दन करते हैं।...(**व्यवधान**)... श्री राम कृपाल यादव।

श्री रामचन्द्र खूंटिआ (उड़ीसा) **:** सर, आपकी हिन्दी तो बहुत अच्छी है।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : अच्छी है?...(**व्यवधान**)... हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है, इसलिए हम बोलते हैं।

श्री राम कृपाल यादव (बिहार) **:** धन्यवाद सर। आज यहां जो झारखंड पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2010 आया है, उसके लिए मैं माननीय मंत्री जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि वे इस बिल को यहां लाये। यह बिल यहां नहीं आना था, लेकिन चूंकि झारखंड में अभी सरकार नहीं है, वहां राष्ट्रपति शासन है, इन्हीं कारणों से यह बिल इस सदन के सामने लाया गया है। मैं सबसे पहले इस बिल का समर्थन करता हूं।

महोदय, झारखंड और बिहार, जिस स्टेट से मैं आता हूं, पहले दोनों एक थे। वर्ष 2000 में झारखंड और बिहार का विभाजन हुआ। लगभग 10-11 साल हो गये, झारखंड अलग राज्य के रूप में स्थापित है, लेकिन मुझे अफसोस के साथ यह कहना पड़ रहा है कि झारखंड राज्य का गठन जिन उद्देश्यों के साथ हुआ था, उनकी पूर्ति नहीं हुई। वहां के जो back-benchers थे, जो गरीब तबके के लोग थे, शेड्यूल्ड कास्ट्स या शेड्यूल्ड ट्राइब्स के लोग थे, जिनको आजादी के बाद यह एहसास नहीं हुआ था कि वे आजाद हैं, उनकी तरक्की के लिए, उनकी शिक्षा-दीक्षा, हेल्थ, बिजली, पानी के लिए और झारखंड के विकास के लिए उनकी जो सोच थी, वह सोच केवल सोच ही रह गयी, उसकी पूर्ति नहीं हो पायी है। उपसभाध्यक्ष जी, झारखंड में लगातार चुनाव हो रहे हैं, लेकिन किसी न किसी कारण से वहां राष्ट्रपति शासन लागू हो जाता है, यह दुर्भाग्य की बात है और मैं समझता हूं कि निश्चित तौर पर यह झारखंड के विकास में बहुत बड़ी बाधा है। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि जब झारखंड में चुने हुए प्रतिनिधि जाते हैं, तो वे भी अपने दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाते हैं और झारखंड जहां था, वहीं का वहीं रुका हुआ है। यह प्रदेश बड़े पैमाने पर करप्शन यानी भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है और यहां की जनता आज भी त्राहिमाम् कर रही है। पूज्य महात्मा गांधी जी का सपना पंचायती राज का था और उन्होंने पंचायती राज की स्थापना की बात इसलिए की थी कि जब पंचायती राज का गठन होगा, तो इससे गांवों का विकास होगा, गांवों में रहने वाले लोगों का विकास होगा और लोगों को छोटे से छोटे काम के लिए राज्य के MLA या MP के पास नहीं जाना पड़ेगा और उनकी समस्याओं का निदान पंचायत स्तर पर ही हो जाएगा, लेकिन यह दुर्भाग्य की बात है कि झारखंड में पंचायती राज कायम नहीं हो सका। इसके कई कारण हो सकते हैं। मुझे याद है कि जब NDA की सरकार आई थी, उस समय पूरे देश में यह नियम लागू किया गया था कि जब तक राज्य अपने यहां पंचायती राज का चुनाव नहीं कराएंगे, तब तक हम फंड आवंटित नहीं करेंगे। इसके बावजूद भी पता नहीं किन परिस्थितियों की वजह से झारखंड में पंचायती राज का चुनाव नहीं हो सका और आज तक नहीं हो पाया है। यह तो माननीय मंत्री जी की इच्छा शक्ति है, वे चाहते हैं तथा वहां की सरकार चाहती है कि वहां पंचायती राज के चुनाव हों, इसलिए यह बिल लाया गया है। अतः यह एक स्वागत योग्य कदम है।

उपसभाध्यक्ष जी, जहां तक मैं जानता हूं, आज पूरे देश के पैमाने पर पंचायती राज कायम है और उसमें रिज़र्वेशन का भी प्रावधान हो गया है तथा महिलाओं को भी उसमें उचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। इस देश के भूतपूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी का जो सपना था कि 33 परसेंट आरक्षण महिलाओं को मिले, कई राज्यों में तो उसे 50 परसेंट तक कर दिया गया है और यहां भी यह व्यवस्था की जा रही है, यह स्वागत योग्य है।

उपसभाध्यक्ष जी, बिहार के एक नागरिक की हैसियत से मैंने यह महसूस किया है कि पंचायती राज का जो मूल उद्देश्य है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो रही है। आप भी यह महसूस करते होंगे, आप भी अनुभवी हैं और मंत्री जी स्वयं भी यह महसूस करते होंगे कि आज पंचायती राज में इतना करप्शन हो गया है कि जब तक इस पर अंकुश नहीं लगाया जाएगा, तब तक कुछ काम नहीं हो सकेगा। मैं समझता हूं कि आज पंचायती राज के माध्यम से लूट की छूट है। केन्द्र सरकार से जो धन राज्यों को आवंटित किया जाता है, उसमें बड़े पैमाने पर करप्शन है। मैंने बिहार में देखा है, मैं अपने बिहार राज्य के बारे में बोल रहा हूं कि वहां हर स्तर पर करप्शन है और जो पैसा यहां से दिया जाता है, उसमें से 10 परसेंट पैसा भी खर्च नहीं हो पा रहा है, ये हालात हैं। इसलिए आपको इस पर अंकुश लगाना पड़ेगा।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं यह निवेदन करूंगा कि महिलाओं के लिए जो आरक्षण है, उस आरक्षण का सदुपयोग नहीं हो रहा है। आम तौर पर पंचायतों में महिलाएं नहीं जाती हैं। हम सब लोग एम.पी. हैं, लेकिन गांवों में पंचायतों में एक नया एम.पी. हो गया है। पूछिए कौन सा एम.पी.? एम.पी. यानी मुखियापति। मुख्यिापति सभी काम कर रहे हैं, मुखिया महिला घर में है और उनके पति सब काम कर रहे हैं, कितना misuse हो रहा है, इस पर निगाह रखने की आवश्यकता है। वहां अफसरशाही इतनी बेलगाम हो गई है कि आश्चर्य है। मैं पूरे देश की बात नहीं करता, लेकिन बिहार में, जहां से मैं आया हूं, वहां मैंने देखा है कि BDO साहब मुखिया जी से चाय के बर्तन धुलवा रहे हैं। चुने हुए प्रतिनिधियों की यह हालत है। उनको कोई पावर नहीं मिली है। आपने local self government का सपना तो दिखलाया, लेकिन आर्थिक रूप से उनकी कोई मदद नहीं की, उनको ताकत नहीं दी और डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट, चुने हुए प्रतिनिधियों को बरख़ास्त कर रहे हैं। यह क्या हो रहा है? आपको किसी भी आरोप में फंसा दिया जाता है और फिर आप DM साहब के कंट्रोल में हो जाते हैं, फिर आप बरख़ास्त हो जाते हैं। आपको जनता ने चुना है, तो जनता को ही अधिकार होना चाहिए कि वह आपको हटाए, लेकिन डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट साहब बरख़ास्त कर रहे हैं। सर, यह लोकतंत्र पर एक प्रश्नचिन्ह है और पंचायती राज को कलंकित करने का काम किया जा रहा है। मैं निवेदन करना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : कृपया आप समाप्त कीजिए।

श्री राम कृपाल यादव : सर, मैं एक-दो बात कह कर अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : आप छः मिनट बोल चुके हैं।

श्री राम कृपाल यादव : सर, कृपा करके मुझे एक-दो मिनट और दिए जाएं। अगर आपकी कृपा नहीं होगी, तो मैं बैठ जाता हूं।

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : ठीक है, आप जल्दी कीजिए।

श्री राम कृपाल यादव : सर, मैं यह कह रहा था कि जिन बातों की तरफ हमने माननीय मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट किया कि जो व्यवस्था है, उसके अंतर्गत उसको तब्दील करने का काम कीजिए और नए कानून के साथ आइए, आप इनको अफसरों के हाथ की कठपुतली नहीं बनने दीजिए, इनको अफसरों का गुलाम नहीं बनने दीजिए। आप पंचायती राज की बात कर रहे हैं, लेकिन जिला परिषद् के लोग और मुखिया लोग गुलामी का जीवन जी रहे हैं। इन तमाम बातों की तरफ ध्यान देना पड़ेगा और इसमें जो व्यापक भ्रष्टाचार है, उस भ्रष्टाचार पर नियंत्रण करने के लिए, उस पर अंकुश लगाने के लिए एक ठोस कानून बनाने की आवश्यकता है, ताकि जो चुने हुए प्रतिनिधि हैं, वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें और गांव का विकास कर सकें। सर, इनके पास सारी की सारी पावर है, मगर कुछ भी पावर नहीं है। इन सब चीजों को बारीकी से देखना पड़ेगा।

सर, मैं इस बिल को सपोर्ट करता हूं और माननीय मंत्री से निवेदन करता हूं कि इसमें जो कमियां हैं, उन कमियों को दूर कीजिए, ताकि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का जो सपना था, वह सपना साकार हो सके और गांव का कल्याण हो सके, गांव में रहने वालों का कल्याण हो सके। इन्हीं चंद शब्दों के साथ मैं आपके प्रति विशेष कृपा आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

श्री जय प्रकाश नारायण सिंह (झारखंड) **:** माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं "—झारखंड पंचायत राज (संशोधन) विधेयक, 2010" पर प्रकाश डालने के लिए आपके बीच खड़ा हूं। मैं झाखंड वासी हूं। जितने भी वक्ता अभी तक बोल चुके, वे सभी इस हाउस के सदस्य हैं, लेकिन मैं वहां का वासी हूं और इस पंचायत राज विधेयक, PESA के अंतर्गत यह जो चुनाव हो रहा है, मैं PESA का स्वागत करता हूं। मैं संविधान का, इस सभा

का स्वागत करता हूं। लेकिन, PESA कानून का स्वागत करने के पूर्व मैं सरकार से एक संशोधन चाहता हूं। झारखंड की जनता, जनजाति को छोड़कर जितने लोग हैं, जिनकी आबादी 80 प्रतिशत है, आप उनको PESA के अंतर्गत चुनाव से वंचित करने जा रहे हैं। इससे बड़ा अन्याय और कुछ नहीं हो सकता है। हमको सबके हित को ध्यान में रख कर ही PESA कानून को लागू करना चाहिए।

मान्यवर, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि जब औरगंजेब को जमाना था, भारतवर्ष में उनका राज था, तब उन्होंने इस्लाम धर्म कबूल न करने वालों के खिलाफ जजिया टैक्स लगाया था, इसी तरह झारखंड के नागरिकों के खिलाफ यह PESA कानून है, यह एक तरह का जजिया है। वहां सभी पंचायत के रहने वाले नागरिक न एम.एल.ए बन सकते हैं, न एम.पी. बन सकते हैं, न ही अपनी पंचायत में किसी पद पर खड़ा हो सकते हैं। भारत के जितने राज्यों में PESA कानून लागू हुआ है, उन राज्यों में जनगणना के आधार पर, उनकी जनसंख्या के आधार पर पंचायत का क्षेत्र निर्धारित किया गया है। पहले पंचायत में जनगणना हुई, फिर पंचायत की सीमा निर्धारित की गई, फिर जनगणना हुई और तब जनगणना के आधार पर पंचायत में reservation हुआ। लेकिन, झारखंड में 2001 में जनगणना हुई और 1950 की जनगणना के आधार पर ही पंचायत को reserved कर दिया गया, इससे और अंधेरगर्दी क्या हो सकती है? कहते हैं कि जिस राज्य का राजा ही अंधा हो, बहरा हो, वह जनता के दुख दर्द को नहीं समझता। झारखंड जनजाति बहुल्य राज्य नहीं है, बल्कि यहां पर 80 प्रतिशत दिक्कुओं की आबादी है। दिक्कु का मतलब है गैर-जनजाति। 20-22 प्रतिशत ही जनजाति की आबादी है और अपने पंचायत को रिजर्व करने के बदले जिला को रिजर्व कर दिया। इसका मतलब है कि उस जिले में कोई दूसरी जाति के लोग पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले सकते, इससे बड़ा अन्याय और क्या हो सकता है? इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से और सरकार से गुज़ारिश करता हूं कि झारखंड की जनता पर आप न्याय कीजिए, पेसा काननू को लागू कीजिए और मैं इसका स्वागत करता हूं। पेसा कानून आदिवासियों को न्याय दिलाने क लिए, उनकी राजनीतिक हैसियत बढ़ाने के लिए और उनकी आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए किया गया था, न कि सादानों के हक को मारकर यह कानून लागू करने के लिए किया गया था। इसलिए मंत्री जी, हम यह चाहते हैं कि आप इसको स्टैंडिंग कमेटी में रखिए, तीन महीने के बाद पुनः स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट आने दीजिए और इसके बाद पेसा कानून को पुनः लागू करके आप झारखंड में चुनाव कराइए। वहां 33 साल तक चुनाव नहीं हुए, अब 33 साल के बाद चुनाव हो रहे हैं। तीन महीने बीत जाएं और उसके बाद अगर चुनाव होते हैं, तो कोई हरजा नहीं है, लेकिन आप इस कानून को क्यों लागू करना चाहते हैं? झारखंड जनजाति बहुल राज्य नहीं है। अभी मंत्री जी बोल रहे थे कि 50 परसेंट से ज्यादा आबादी पंचायतों में है, ऐसा कहीं नहीं है। 80 परसेंट आबादी गैर-जनजातीय है। सिर्फ 22 परसेंट आबादी जनजातियों की है, इसलिए 80 परसेंट के साथ अन्याय मत कीजिए, उसको न्याय दीजिए। झारखंड की सरकार ने सर्वसम्मति से विधान सभा की डेढ़ सौ सीटें बढ़ाने की मांग केंद्र सरकार के सामने रखी थी, लेकिन यह मांग अभी तक लंबित है। अगर बार-बार वहां राष्ट्रपति शासन लागू हो जाता है और प्रजातांत्रिक ढंग से विधान सभा भंग हो जाती है, तो बार-बार चुनाव कराना पड़ता है। ...(**समय की घंटी**)... आपके माध्यम से मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि वहां की विधान सभा की सीटों की संख्या डेढ़ सौ की जाए। अगर आप इस कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पुनः विचार किए बिना करेंगे, तो कहा जाएगा —"अंधेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी टका सेर खाजा"... इसका मतलब आपको न्याय करने का दम नहीं है, इसलिए मैं आसन से, सरकार से और सदन से आग्रह करूंगा कि झारखंड में इस विधेयक को लागू करने के पूर्व इस पर पुनः स्टैंडिंग कमेटी से विचार कराया जाए, यही बात मुझे कहनी है। क्योंकि आसन से घंटी बज रही है, इसलिए मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री मणि शंकर अय्यर (नाम निर्देशित) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विधेयक के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं और माननीय मंत्री जी को मैं मुबारकबाद देना चाहता हूं कि जिस विधेयक का मुझे बीस साल से इंतज़ार था, आज उस विधेयक को आप इस सदन में लाए हैं। महोदय, इस विधेयक को पारित करते ही झारखंड भी हमारे भारत का अटूट हिस्सा बन जाएगा, जबकि आज से 18 साल पहले बताया गया था कि हर राज्य में पंचायतों का चुनाव होगा, लेकिन बहुत ही अफसोसजनक बाद है कि साढ़े सत्रह साल पश्चात भी आज तक कोई एक चुनी हुई पंचायत झारखंड में नहीं है। यह आखिरी राज्य है, जिसमें पंचायत का चुनाव करने की आवश्यकता है, इसलिए इस विधेयक का समर्थन करते हुए माननीय मंत्री जी से मेरी पहली मांग यह रहेगी कि कृपया अपने जवाब में बताएं कि कब आप चुनाव कराने वाले हैं? अफवाह तो है कि इस साल चुनाव हो जाएंगे लेकिन मुझे उस पर भरोसा नहीं है। मैं समझता हूं कि इस राष्ट्रपति शासन के दौरान यदि मंत्री महोदय, जिनकी जिम्मेदारी है कि हमारे संविधान का सम्मान हो और ये जो चुनाव हैं, ये कोई आम चुनाव नहीं हैं, ये संवैधानिक चुनाव हैं, तो माननीय मंत्री जी इस विधेयक को पारित करने से पहले हमें बताएं कि कब वे चुनाव कराने वाले हैं? बताया जाता है कि हम दो-चार महीने और इसको निलंबित करें तो क्या एतराज़ है? तो मुझे बहुत एतराज़ है। जब झारखंड बिहार का हिस्सा था, तब हालांकि कुछ ऐसे विषय थे जो अदालत के सामने थे, जिन पर अदालत गौर कर रही थी और जब इनसे पूछा गया कि क्या हम चुनाव कर सकते हैं, तो इज़ाज़त दी गई थी। जब बिहार में चुनाव हो सकते हैं तो निश्चित रूप में झारखंड में भी हो सकते हैं। खास तौर पर इस कारण से, कि हम भी सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचे और सर्वोच्च न्यायालय में सर्वसहमति के साथ यह मांग पेश की गयी थी, जिसको सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार किया कि झारखंड में पंचायत राज लागू होना चाहिए। इस सारे केस के संबंध में जो भी arguments अदालत में करने थे, वे नवम्बर 2008 में पूरे हुए थे। फिर हमें पूरे 13-14 महीने तक इंतजार करना पड़ा कि सर्वोच्च न्यायालय एक निष्कर्ष पर पहुंचे कि क्या वहां पर पंचायत राज लागू करना चाहिए या नहीं करना चाहिए। जब कि अब ऐलान आ चुका है, और वह भी आठ महीने पूर्व, कि पंचायत राज के चुनाव आपको करवाने ही पड़ेंगे तो मुझे नहीं लगता कि मैं कोई बहुत बड़ी चीज़ मांग रहा हूं कि हमारे मंत्री महोदय इस बिल को पारित करने से पहले हमें बताएं कि आपका इरादा क्या है और कब जाकर आप इन चुनावों को करवाने वाले हैं? दूसरी चीज़ यह है इस चीज़ का इंतजार नहीं करना चाहिए कि किस वैज्ञानिक तरीके से झारखंड में पंचायत राज लागू होगा क्योंकि पंचायत राज मंत्रालय को अब यह अनुभव है कि हमारे जो activity maps हैं, उनके जरिए झारखंड में अपने अफसरान को आज ही भेजकर यह देखा जाए कि अधिकार, अधिकारीगण और अर्थव्यवस्था का सुपुर्दगीकरण कैसे किया जाए। सर, मैं मंत्री जी को आश्वासन देता हूं कि उनको इसके लिए केवल 24 घंटे की जरूरत होगी कि एक ऐसा activity map तैयार करें, जिससे, जब भी पंचायत राज झारखंड में आए, वह देश का सबसे बेहतरीन पंचायत राज हो। ऐसा एक activity map कुछ साल पहले असम के लिए तैयार किया गया था, ऐसा ही एक activity map दमन-द्वीप के लिए तैयार किया गया था। मैं जानता हूं कि पंचायत राज मंत्रालय में यह अनुभव है, जिसके अंतर्गत, जिसके ज़रिए, जिसके आधार पर और जिसकी बुनियाद पर, वहां पंचायत राज को कैसे लागू करना चाहिए, वह सारा काम, वह मसौदा वे चंद ही घंटे में तैयार कर सकते हैं। यदि वह तैयार हो जाता है, तो जैसे ही चुनाव पुरे होते हैं, त्यों ही असली मायने में और वैज्ञानिक तरीके से सुपुर्दगीकरण किया जा सकता है। लेकिन यदि केन्द्र सरकार की ओर से इसमें विलम्ब किया गया और उसने कहा कि राष्ट्रपति काल में हमारा काम मात्र यही है कि हम इस बिल को यहां राज्य सभा में लाएं और उसको यहां से पारित करवाएं तो ऐसी स्थिति में मुझे इसे बात की बहुत फिक्र होगी कि पंचायत के चुनाव तो हो जाएंगे लेकिन पंचायती राज हम नहीं देख पाएंगे। इसलिए

मेरी दूसरी मांग यह है कि इन आने वाले दिनों में, जब कि राष्ट्रपति शासन का काल चल रहा हो, इस दौरान आप इस बात की तैयारी करें कि वैज्ञानिक तरीके से किस प्रकार का सुपुर्दगीकरण होना चाहिए, ताकि चुनाव होते ही झारखंड आखिरी स्थान से उछाल मारकर एकदम पहले स्थान पर पहुंच जाए। ऐसा काम करना माननीय मंत्री महोदय के हाथ में है और उनको यदि अपना फर्ज पूरा करना है तो वे इस काम को कर सकते हैं। तीसरी बात, जो योजनाएं तैयार करनी हैं, उनके संबंध में कहना चाहता हूं। धारा 243(जै)(डी) और धारा 243(जी) के अंतर्गत हमारे संविधान में प्रावधान है - मैं कानून की बात नहीं कर रहा हूं, मैं संविधान की बात कर रहा हूं - वहां प्रावधान है कि इन विकास की योजनाओं की तैयारी बिल्कुल निचले स्तर से शुरू होगी और जब तक हर गांव ने अपने विकास की योजना तैयार न की हो, जब तक हर पंचायत समिति ने अपनी औकात के लिए विकास की योजना तैयार न की हो। जब तक कि हर जिला परिषद ने अपने विकास के लिए तैयारी न की हो और जब तक कि हर नगरपालिका ने ऐसी तैयारी न की हो, तब तक मामला डिस्ट्रिक्ट प्लानिंग कमेटी तक नहीं पहुंच सकता है। जबकि निचले स्तर से ऊंचे तक तैयारी हो जाती है, तब जाकर डी.पी.सी. में मात्र यह बताया गया है कि आर्टिकिल 243(z)(d) में डी.पी.सी. का काम डिस्ट्रिक्ट प्लान तैयार करने का नहीं है, लेकिन कंसोलिडेट करने का है। जो गांवों में योजनाएं तैयार की जाती हैं, ब्लॉक में तैयार की जाती हैं, जो जिला में तैयार की जाती हैं उनको सम्मिलित करके जिले के विकास के लिए एक योजना का मसौदा तैयार करना है और किसी को इस मामले में किसी प्रकार का फिक्र रखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि संविधान में बताया गया है कि उसी धारा - 243(z)(d) में मसौदा ही तैयार किया जा सकता है, वह राज्य सरकार को पहुंचेगा और वहां जाकर बारीकी में उसको कुछ सही करने की जरूरत पड़े तो वह कर सकते हैं। लेकिन कम से कम जनता की आवाज सुनें और उसके बाद विशेषज्ञ तय करें कि क्या करना चाहिए और कैसे। ऐसा न हो कि योजना भवन में बैठे वे लोग जिन्होंने गांव कभी देखा ही नहीं है, वे तय करें कि ग्रामीण विकास कैसा हो और क्योंकि इस तरीके से हम योजनाएं तैयार करते आए हैं, बहुत दुख की बात है, बहुत ही अफसोस की बात है कि पिछले कुछ सालों के दौरान सन् 1994 से लेकर सन् 2009 तक केन्द्रीय खर्चों में जो बढ़ोत्तरी हुई है, जो सोशल सैक्टर्स हैं, जो गरीबी उन्मूलन के कार्यक्रम हुए हैं, उनमें खर्चों की बढ़ोत्तरी 15 गुना हुई है। 1994 में खर्चा 7500 करोड़ रुपए का था और आज के दिन तकरीबन एक लाख पैंतीस हजार करोड़ हो गया है। लेकिन यू.एन. ह्यूमेन डवलपमेंट इंडेक्स में जहां कि हमारा स्थान 1994 में 134 था, 15 साल के बाद यू.एन.एच.डी.आई. पर हमारा स्थान वही 134 पर ही है। जबकि मैंने माननीय मंत्री जी से सवाल किया कि इसका मूल कारण क्या है? मुझे बताया गया कि हमने इसकी जांच नहीं की है, लेकिन आप खुश हो जाइए कि 1998 में हम 138वीं जगह पर थे और अब हम चार जगह उठकर 134 पर पहुंच गए हैं। अब इस दृष्टिकोण को बदलकर सोच लीजिएगा कि साधन की कोई कमी नहीं है लेकिन इसके उपयोग में इतना घाटा होता है, जो राजीव जी ने 25 साल पहले बताया था कि रुपए में 85 पैसे प्रशासनिक खर्चों पर जाया हो जाते हैं, यही है मूल कारण कि गांव के स्तर पर विकास नहीं हो रहा है। हम इस नौकरशाही पर निर्भर न रहें, इसे नौकरशाही से हम हटें, हम लोगों पर विश्वास रखें। हम कहें कि यह जो पैसा कैन्द्र से भेजा जा रहा है और जिसके साथ आपकी राज्य सरकार तकरीबन 25 प्रतिशत अपना धन दे रही है, इसको मिलाकर समेटकर आप सीधा पंचायतों तक पहुंचाइए तीनों स्तर पर और वह भी एक्टिविटी मैपिंग के आधार पर। आप जबकि एक्टिविटी मैप तैयार करते हो, न केवल अधिकारों के एक्टिविटीज तय करें कि कौन सा काम गांव के स्तर पर होगा, कौन सा काम ताल्लुका के स्तर पर होगा और कौन सा काम जिले के स्तर पर होगा, यह भी तय कर लीजिए कि उस काम को करने के लिए बजट में कितना हिस्सा गांव तक जाएगा, कितना हिस्सा ब्लॉक तक जाएगा और कितना हिस्सा जिलों तक जाएगा, यह भी हो जाए और उसके साथ-साथ किस तरीके से आप अधिकारीगण

का सुपुर्दगीकरण करवाएंगे, वे भी उसी एक्टिविटी मैप में आपने लिखकर दे दिया हो, तब झारखंड तैयार हो जाएगा पंचायत राज को इस तरीके से लागू करने के लिए और बजाए केरल और कर्नाटक अव्वल स्थान पर हो जाएं, लेकिन हम देखेंगे कि झारखंड छलांग मारकर पिछले 20 साल को बिल्कुल भूलकर अव्वल स्थान पर पहुंच सकता है, लेकिन वह तब तक नहीं होगा, जब तक कि केन्द्र सरकार और खास तौर से हमारी माननीय ग्रामीण विकास मंत्री एवं पंचायत राज के मंत्री ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभायी और इन तीन चीजों के लिए - अधिकर, अर्थव्यवस्था और अधिकारीगण की सुपुर्दगीकरण के लिए, एक मार्ग चित्र न बनाया हो एक मार्ग चित्र ने बनाया हो और पेश न किया हो, जबकि राष्ट्रपति शासन का कार्यकाल पूरा हो जाता है, उसमें कुछ थोड़ी-बहुत तब्दीली लानी हो, तो वह उस समय हो सकती है। लेकिन बुनियादी काम आपने यहां दिल्ली में शुरू नहीं किया, आपने इस काम को झारखंड की जनता के साथ राय-मशविरा करके तैयार नहीं किया, मसौदा तैयार नहीं किया, तब मैं नहीं जानता हूं कि चुनाव करने के बाद और कितने दिन तक हमें इंतजार करना पड़ेगा कि झारखंड में पंचायती राज असली मायने में होगा या नहीं होगा।

चौथी चीज़, मैं यह कहना चाहता हूं कि PESA के कोई एरियाज़ नहीं हैं। PESA में यह नहीं लिखा गया है कि कहां-कहां वह लागू होगा। हमारी पांचवीं अनुसूची में बताया गया है कि कौन से एरियाज़ पांचवीं अनुसूची में हैं और वहां पर PESA को लागू करना आवश्यक है। बजाय PESA को रोकने के, यदि आपको कोई ऐतराज़ हो कि आज के दिन यह शहर या यह गांव, जिसके बारे में पांचवीं अनुसूची में लिखा है, आप पांचवीं अनुसूची को बदलने में लग जाइए। आप कामयाब होंगे, तो मुबारक हो। लेकिन इस बीच में यह कहना कि यह पांचवीं अनुसूची की जगह है और तब भी, आप PESA को लागू न करें, इसका मतलब मेरी समझ में नहीं आता है। हमारी अनुसूचित जनजाति जो है, वह सबसे पीड़ित तबका हमारे देश का है। माननीय मंत्री जी, यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह हमारे प्रधान मंत्री जी कह रहे हैं। अनुसूचित जनजाति के लोग सबसे पीड़ित हैं और उनके लिए जो एक खास कानून तैयार किया गया है और वह भी संविधन के निर्देशानुसार, फिर आप कहें कि 18 साल पहले कि नहीं, नहीं यहां इस पांचवीं अनुसूची के इलाके में और भी कुछ लोग आ गए हैं, यह बिल्कुल गलत बात है। आपको पांचवीं अनुसूची में कुछ संशोधन लाना हो, तो ले आइए, यहां पर बात करेंगे, लेकिन इसको बहाना बनाकर जिस तरह से PESA की उपेक्षा हो रही है, इस पर मैं अपना ऐतराज़, जताना चाहता हूं। यह बड़ी खुशी की बात है कि इस समय वहां राष्ट्रपति शासन का काल है। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि यह पहली बार नहीं है, मैंने बार-बार इस विषय में लिखा है, इस बात को आप जानते ही हैं। मैं इस विषय पर संसद में बोल चुका हूं, फिर भी दोहराना चाहता हूं कि पांचवी अनुसूची में ...(**समय की घंटी**)... भाग "क" है, उसके तीसरे पैराग्राफ को आप पढ़िए। उस तीसरे पैराग्राफ में लिखा है, वह पैराग्राफ हमने नहीं लिखा है, वह हमने नहीं लिखा है, यह बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने 1949 में लिखा है, यह पारित होने के पहले कि पांचवीं अनुसूची के इलाके में केन्द्रीय सरकार निर्देश दे सकती है कि प्रशासन कैसा चलाया जाए। यह लिखा हुआ है, यह हमने नहीं लिखा है, श्रीमती इंदिरा गांधी जी का जो 42वां अमेंडमेंट था, यह उसकी बात नहीं है। डा. बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने इस पांचवीं अनुसूची के बारे में सोचते वक्त यह तय किया था कि इन इलाकों में यदि केन्द्र सरकार को लगे कि कोई कानून सही मायने में लागू नहीं किया जा रहा है, तो आपका फर्ज बनता है, आपका कर्तव्य बनता है कि आप भाग "क"…..

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: I will just conclude in two minutes. ...*(Interruptions)*... This is a very important point. ...*(Interruptions)*... Just allow me for another two minutes. ...*(Interruptions)*... Please allow me. ...*(Interruptions)*... भाग "क" के तीसरे पैराग्राफ में, जो आपको अधिकार दिया गया है, हमारे संविधान के निर्माताओं की तरफ से, उसका खुदा के वास्ते आप इस्तेमाल कीजिए और निर्देश निकालिए कि PESA को लागू करना चाहिए। हमने देख लिया है, अभी मेरे नये मित्र श्री बृजलाल खाबरी जी सवाल उठा रहे थे कि आप लोग ही तो शासन चला रहे थे और यह नक्सलवाद क्यों बढ़ता जा रहा है। मैं इस झगड़े में उतरने के लिए तैयार नहीं हूं। आप महाभारत को लड़िएगा। मैं यह कह रहा हूं कि आज के दिन नक्सलवाद उन्हीं इलाकों में बढ़ रहा है, जो कि पांचवीं अनुसूची के इलाके हैं।

1996 के बाद उन इलाकों में जितनी भी राज्य सरकारें रहीं हैं, उन्होंने PESA को लागू नहीं किया। प्रधान मंत्री बजाए निर्देश भेजने के इन्हीं मुख्य मंत्रियों को बुलाते हैं और उनसे कहते हैं कि आप PESA लागू कीजिए। हमारे मुख्य मंत्रीगण भी कहते हैं ...(**समय की घंटी**)... आप बेफिक्र रहिए, हम करेंगे, लेकिन जिन्होंने पिछले 14 सालों से नहीं किया, हम उन पर कैसे विश्वास कर सकते हैं कि वे हमारी मांग को स्वीकार करेंगे। निर्देश भेजना आपका फर्ज़ बनता है और आप यह करें, तो झारखंड की सारी जनता आपके गुण गाएगी। मैं समझता हूं कि तभी हम इस देश को बचा सकते हैं, नहीं तो जो यह भयंकर आतंकवाद हमारे जंगलों में फैल रहा है, यह और फैलता ही जाएगा जब तक उन इलाकों में PESA लागू न होगा। आप PESA को लागू करें, तो मैं आपको आश्वासन देता हूं कि नक्सलवाद को रोकने का जो काम है, यह गृह मंत्रालय का काम नहीं है। जोशी जी, यह आपका काम है, आप PESA को लागू करवाइए। आप देखेंगे कि वहीं के वहीं यह आतंकवाद भी निकल जाएगा, क्योंकि 50 हजार करोड़ रुपए पंचायतों के जरिए खर्च करने के लिए हमारे हाथ में है। आपके जिन इलाकों में आतंकवाद है, ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P. J. KURIEN): Please conclude. Your time is over.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR: Sir, I am just finishing in half a minute. I will conclude just in one sentence. जहां पर आतंकवाद फैल रहा है, वहां आपने दिखा दिया कि जनता के हाथ में साधन पहुंच रहा है, तो उस वक्त माओवाद केवल इतना ही कह सकेगा कि मेरे हाथ में बंदूक है और जनता कहेगी कि हमारे हाथ में साधन है और अधिकारीगण हमारी बात सुन रहे हैं। तब जाकर हम उनके सामने असली विकल्प रखते हैं कि वहां बंदूक और यहां साधन, फिर वे हमारे साधन की तरफ आएंगे।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (प्रो. पी.जे. कुरियन) : आपका आधा मिनट हो गया है।

श्री मणि शंकर अय्यर : आपको मुबारक हो कि आप यह विधेयक यहां पर लाए, हम इसको पारित करेंगे, लेकिन हमारा काम यहां खत्म होता है और आपका काम वहां शुरू होता है। कहीं ऐसा न हो कि इस विधेयक को पारित करनवाने के बाद आप घर बैठ जाएं। इस पर बहुत कुछ करना है और मेरी यह अर्ज़ है कि नवम्बर में जो सेशन होना है, उसमें आप वापस सदन में आकर हमें रिपोर्ट दें कि झारखंड में पंचायत राज के लिए आपने कौन से कदम उठाए हैं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

ग्रामीण विकास मंत्री तथा पंचायती राज मंत्री (श्री सी.पी. जोशी) : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं और जिन माननीय सदस्यों ने इस बिल के समर्थन में अपनी बात कही है, मैं उनका

वैयक्तिक पर बहुत आभार व्यक्त करता हूं। हमारे माननीय सदस्यों ने कुछ मुद्दे उठाए हैं और खास तौर पर पंचायती राज के ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बहुत आभारी हूं, खासतौर से पंचायत राज के बिल को बनाने वाले और इसके पुरोधा माननीय मणि शंकर अय्यर जी भी इस सदन के सदस्य हैं। उन्होंने अपने कुछ एप्रीहेंशन इस एक्ट के संबंध में बताए हैं। मैं उनसे यह निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार की यह मंशा है कि यह बिल पास होने के बाद हम पंचायत के चुनाव शीघ्रता से करवाएं, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट की डॉयरेक्शन्स हैं। मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि इसमें सरकार कोई कोताही नहीं बरतेगी और पूरा प्रयत्न करेगी कि जल्दी से जल्दी चुनाव सम्पन्न हों। कुछ मुद्दे माननीय अहलुवालिया जी ने और सुश्री मैबल रिबैलो जी ने फाइनेंस कमीशन के संबंध में उठाए हैं, मुझे यह निवेदन करना है कि हमारे संविधान के अनुसार 11th फाइनेंस कमीशन 12th फाइनेंस कमीशन की जो रेकमेंडेशन्स हैं, उन रेकमेंडेशन्स में जो आधार थे, वे इस बात के थे कि वहां पंचायत होनी चाहिए थी और पंचायत नहीं है, तो उनकी रेकमेंडशन यह थी कि वहां पैसा devolve नहीं किया जा सकता है। आज 11th फाइनेंस कमीशन और 12th फाइनेंस कमीशन से मैं दोबार, इस हाउस में कमिट करने की स्थिति में नहीं हूं कि वह पैसा मिलेगा। मैं यह भरोसा दिलाना चाहता हूं 12th फाइनेंस कमीशन में जो devolve किया है, उसमें लगभग 1814 करोड़ रुपए झारखंड को मिलेंगे।

मैं विश्वास करता हूं कि झारखंड की जो स्थितियां हैं, उसमें पैसा डिवोल्व करना इतना इम्पोर्टेन्ट नहीं है, पैसे का ज्यूडिशियल उपयोग करना ज्यादा जरूरी है। मैं आपकी जानकारी के लिए एक ही फिगर देना चाहता हूं कि पी.एम.जी.एस.वाई. में हमने लगभग 2987 (दो हजार, नो सौ सित्यासी) करोड़ के काम सैंक्शन किये, लेकिन वहां पर अभी तक केवल मात्र 1,310 (एक हजार, तीन सौ दस) करोड़ के काम हुए हैं, लगभग 1678 (सोलह सौ अठत्तर) करोड़ रुपए के काम आज भी स्वीकृत हैं, जिनको झारखंड सरकार को एग्जिक्यूट करना है। झारखंड सरकार को हमने जगह-जगह पर 4,221 हैबिटेशन को कनेक्ट करने का काम दिया है। अभी वहां पर मात्र 1061 हेबीटेशन कनेक्ट हुए हैं। मैं यह फिगर केवल इसलिए देना चाहता हूं कि devolution of finances is not important, इम्पोर्टेन्ट यह है कि यदि हम झारखंड को पंचायत की बस्ती से, PESA की बस्ती से एक आदर्श राज्य बनाना चाहते हैं, तो मैं सबसे पहले विनम्र शब्दों में निवेदन करना चाहता हूं, माननीय मणिशंकर अय्यर जी भी बैठे हैं, कि सबसे पहली आवश्यकता है कि क्या हमने कभी सोचा कि ग्राम पंचायत का डैडिकेटिड स्टाफ होगा? जब तक ग्राम पंचायत में डैडिकेटिड स्टाफ नहीं होगा, तब तक थियोरेटिकली कितनी ही बात कर लें, उसके डिवोल्यूशन का काम ठीक ढंग से नहीं हो पाएगा। सबसे पहली आवश्यकता है कि ग्राम पंचायत का भवन बने और डैडिकेटिड स्टाफ हो। पहले एक जमाना था, लेकिन आज डैडिकेटिड स्टाफ में भी समय बदल गया है। आज हम उस पंचायत में रहने वाले ग्राम सेवक से आशा करते हैं कि वह वापस इनका काम करेगा, आज हम उससे आशा करते हैं कि वह हमें लिखकर इसकी सूचना भी देगा। जिस तरह से आई.टी. में परिवर्तन हो रहा है, आज यह आवश्यकता है कि पंचायत में आई.टी. की जानकारी रखने वाला भी एक आदमी हो। मैं यह मानता हूं कि अनटाइट पैसा मिलना चाहिए, लेकिन अनटाइड फंड या पैसा मिलने के बाद भी जब तक वहां डैडिकेटिड स्टाफ नहीं होगा, तब तक उसका सदुपयोग नहीं होगा। क्योंकि पंचायत स्टेट सब्जेक्ट है, इसलिए मैं आशा करता हूं कि राजनीति से ऊपर उठकर अलग-अलग राज्यों में आए प्रतिनिधियों ने पंचायती राज को मजबूत करने की जो बात कही है, मैं उनसे अपेक्षा करूंगा कि वे अपने प्रदेश की सरकारों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वहां पर पंचायत में डैडिकेटिड स्टाफ होना चाहिए। जैसाकि मैंने पहले भी कहा कि आज की डेट में लगभग 70,000 (सत्तर हजार) पंचायत घर नहीं हैं। आज की डेट में 2..33 लाख (दो लाख, तैंतीस हजार) पंचायतों में लगभग तिहत्तर हजार डैडिकेटिड स्टाफ नहीं है,

एक पुअर ग्राम सेवक भी नहीं है। मेरे माननीय साथी बैठे हुए हैं, यू.पी. जैसी सरकार में, वहां पर पचास हजार से ज्यादा ग्राम पंचायतें हैं और आठ हजार के करीब ग्राम सेवक के पद हैं। आज हम कल्पना करें कि पचास हजार ग्राम पंचायतों में मनी डिवोल्व कर देंगे, अनटाइड पैसा दे देंगे, लेकिन यदि वहां नीचे काम करने के लिए अधिकारी नहीं हैं, तो पैसा डिवोल्व करने के बाद भी जितना आप सोचते हों, पैसे का उतना उपयोग नहीं हो सकता है। मैं इस बात से सहमत हूं कि आर्टिकल 243 जी में डी.पी.सी. की जो एक बात कही गई है, उस डी.पी.सी. से पंचायत की पूरी योजना बननी चाहिए। उसके आधार पर स्टेट अपना बजट पास करे, तो मैं समझता हूं कि हम जो ग्रास रूट से पंचायत की कल्पना कर रहे हैं, उसको साकार कर सकेंगे। सर, मैं ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूं, लेकिन एक बात का निवेदन करना चाहता हूं कि यह बात सही है कि PESA Act के संबंध में भारतीय जनता पार्टी से हमारे एक साथी ने कुछ बात कही है। मुझे PESA Act के संबंध में आश्चर्य होता है। यह 1996 में पास हो गया, 1996 में पास होने के बाद 2010 में अभी झारखंड की सरकार ने उस ऐक्ट को पास किया है। वह ऐक्ट ऑर्डिनेंस के रूप में वहां आया है। वहां की कौंसिल ऑफ मिनिस्टर्स ने उसको पास किया है। हम वहां पर सपोर्ट कर रहे हैं कि PESA Act के प्रोविजन को लागू किया जाए। यहां भारतीय जनता पार्टी के सदस्य मांग करते हैं और यहां खड़े होकर यदि कहते हैं कि PESA Act को लागू करने के बाद तकलीफ होगी, तो मैं समझता हूं, जैसा कि मणिशंकर अय्यर जी ने कहा है, मैं इस बात से बिल्कुल सहमत हूं कि शेड्यूलड फिफ्थ के अंदर शेड्यूल एरिया डिक्लेयर करने का जो अधिकार है, उस शेड्यूल एरिया के अंतर्गत, PESA के अंतर्गत जो भी एरिया आते हैं, उसमें PESA Act लागू होगा। झारखंड में राष्ट्रपति शासन है तो PESA Act लागू करने के लिए निश्चित तौर पर यदि पूरी कोशिश करेंगे। मैं यह भरोसा दिलाना चाहता हूं कि झारखंड के अंदर, वह चाहे मिनरल वेल्थ के संबंध में हो, चाहे लैंड एलिनिएशन के संबंध में हो, PESA Act के जो प्रोविजन्स हैं, उनको वहां पर निश्चित तौर से लागू किया जा सके, ये सभी कदम उठाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर है। वहां पर निश्चित तौर पर राष्ट्रपति शासन है। हम वहां क्वांटम जम्प करके झारखंड को एक आदर्श PESA Act लागू करने वाले स्टेट के रूप में देख सकते हैं। मैं निश्चित तौर पर कोशिश करूंगा कि उनकी भावनाओं के आधार पर हम PESA Act को लागू कराकर लोगों के द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों को मौका दें। मैं इस बात की हामी देने वाला हूं कि मौका मिलने के बाद जो चुने हुए प्रतिनिधि हैं, उन पर पूरा भरोसा करें। इससे बड़ी बात और कोई नहीं हो सकती है कि मणिशंकर अय्यर जी जैसे व्यक्ति खुद कहें कि नौकरशाही हावी नहीं होनी चाहिए। जब हम यह महसूस करते हैं कि यदि चुने हुए प्रतिनिधि के ऊपर पूरा विश्वास रखकर ताकत देने का काम करेंगे तो निश्चित तौर पर लोकतंत्र मजबूत होगा। हम सब इस बात के लिए कमिटिड हैं। राजीव गांधी जी ने सत्ता के विकेंद्रीकरण का सपना देखा था। वही एक सपना है जिसके माध्यम से हम जनता की सेवा करके उन समस्याओं का निदान कर सकते हैं, जिन समस्याओं को एड्रेस करने में हम असफल हैं। मैं आशा करता हूं कि यह बिल पास होगा तो उसके बाद हम एक कदम आगे बढ़ेंगे और लोगों को बतला सकेंगे कि झारखंड में हम ये तमाम काम कर सकेंगे। इन्हीं सारी भावनाओं के साथ सबसे निवेदन करता हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री मणि शंकर अय्यर : चुनाव की तारीख बताएं, उसका ऐलान करें।

श्री सी.पी. जोशी : मैं पंचायत राज्य मंत्री हूं, मैं आज यहां खड़ा होकर चुनाव के संबंध में माननीय सदस्यों को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि हम गवर्नर से बात करेंगे आप खुद मंत्री रहे हैं, आपको पता है कि होम मिनिस्ट्री से बात करनी पड़ती है, पूरी स्थिति बनानी पड़ती है और हम इस बात के लिए पूरी तरह से कमिटिड

हैं। आज हम कह रहे हैं कि हम झारखंड को आदर्श राज्य बनाना चाहते हैं, PESA लागू करना चाहते हैं, राष्ट्रपति शासन में इसको उपयोग में लेना चाहते हैं, तो मैं भरोसा दिलाना चाहता हूं कि गवर्नर साहब से बात करके शीघ्रताशीघ्र पंचायत के चुनाव कराएंगे। मैं आपको इस बात का पूरी तरह से भरोसा दिलाना चाहता हूं। माननीय उपसभाध्यक्ष जी, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इस बिल को पास किया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Okay. The question is:

"That the Bill further to amend the Jharkhand Panchayat Raj Act, 2001, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration. "

The motion was adopted.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): We shall, now, take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 10 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.

SHRI C.P. JOSHI: Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

The Indian Medicine Central Council (Amendment) Bill, 2010

THE MINISTER OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI GHULAM NABI AZAD): Sir, I beg to move:

"That the Bill further to amend the Indian Medicine Central Council Act, 1970, be taken into consideration."

Sir, this is, indeed, a historic occasion. Today, the Sowa-Rigpa, one of the oldest and well-documented traditional systems of medicine in the world is proposed to be given legal recognition as an Indian System of Medicine.

The Department of AYUSH was set up in the year 1995 with the objective to promote and propagate the Indian Systems of Medicine, including Ayurveda, Unani, Siddha, Yoga & Naturopathy as well as Homeopathy. Today, if given recognition to Sowa-Rigpa, the seventh member will be added to the AYUSH family.

The Sowa-Rigpa is widely practiced in countries, like, Tibet, Mangolia, Japan and some parts of China, Nepal and in a few parts of the former Soviet Union.

Within India, it is practiced in the trans-Himalayan region, especially Laddakh region of Jammu & Kashmir, Sikkim, Tawang & Bomdika in Arunachal Pradesh, Darjeeling and Kalimpong of West Bengal, Lahaul Spiti and Kinnore in Himachal Pradesh and Hubli and Mysore in Karnataka.